
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 02.05.2022 से 07.05.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## HSVP बोर्ड की बैठक।

(दिनांक 02.05.22)



**विषय: HSVP बोर्ड की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में HSVP बोर्ड की मीटिंग संपन्न हुई। यह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 123वीं बैठक थी। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभाग की गतिविधियों और प्रोजेक्ट की समीक्षा की जिसके बाद उन्होंने कहा कि एचएसवीपी की ई–आक्शन पालिसी से ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो रहे है। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने हर चार महीने में बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने गत वर्ष के दौरान किसानों का लगभग 4 हजार करोड़ रुपये का बकाया भुगतान किया गया है। इस वर्ष भी लगभग 6 हजार करोड़ रुपये की अदायगी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि ई–आक्शन पालिसी की बात की जाए तो इससे 11,46,136 करोड़ रुपये की राशि नीलामी से अर्जित हुई है।

मुख्यमंत्री जी ने एचएसवीपी को इनफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम आईएमएस के माध्यम से एक–एक प्रॉपटी का ब्यौरा रखने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि प्राधिकरण के पास हर दिन का पूरा डाटा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण को आईएमएस के माध्यम से प्रत्येक प्लाट का ब्यौरा, उसकी नीलामी, अलाटमेंट, संबंधित सेक्टर में कितने प्लाट खाली बचे हैं और कितने विकसित हो चुके हैं आदि का पूरा ब्यौरा होना चाहिए। ताकि विभाग के कामों में पारदर्शिता आए और जनता को कार्यों की जानकारी हो।

प्रेजेंटेशन के माध्यम से मीटिंग में कुल 44 एजेंडे रखें, जिन पर विस्तार से मंथन किया गया। इसमें श्री माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड को गांव भैंसा टिब्बा की 2.75 एकड़ भूमि की स्वीक्रति प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य एजेंडा में हिसार, करनाल, गुरुग्राम, फरीदाबाद व हांसी में शार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को चौरिटेबल भवन के लिए जगह की स्वीक्रति प्रदान की गई। आईआईएम, रोहतक के गुरुग्राम में विस्तार पटल की भूमि को भी स्वीक्रति दी गई।

साथ मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को एचएसवीपी द्वारा भूमि अलाट की गई है, यदि वे संस्थाएं अपने धार्मिक या सामाजिक स्थल के बाहर दुकान आदि विकसित करते हैं तो इसके लिए शुल्क अदा करके मंजूरी ले सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि जिन सेक्टरों में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के लिए भूमि निश्चित की गई है, उनमें केवल हरियाणा फर्म एंड सोसाइटी के अंतर्गत रजिस्टर्ड सोसाइटी ही आवेदन कर सकती हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पनहेड खुर्द में बाबा खडेसरी बाबा के दर्शन

(दिनांक 03.05.22)



**विषय: पनहेड खुर्द में बाबा खडेसरी बाबा के दर्शन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद जिला के पनहेड खुर्द गांव में खड़ेसरी बाबा अभधूत नाथ जी की 12 वर्ष की तपस्या के संपूर्ण होने पर उनके शाम पंहुचकर उनके दर्शन किए। इस उपलक्ष्य में शाम पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर गांव वालो की मांग को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फरीदाबाद–जेवर एयरपोर्ट एक्सप्रेस वे का मोहना में केजीपी पर बड़ा उतार–चढ़ाव जंक्शन बनवाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होने कहा कि एक्सप्रेस वे बनने के बाद फरीदाबाद के विकास को नई गति भी मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने पूरे देश से पधारे साधु–संतों व 8 मान के संत समाज का अभिनंदन करते हुए सभी को परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं भी दी। पृथला विशानसभा क्षेत्र के पन्हेड़ा खुर्द गांव में हो रहे इस आयोजन को कुम्भ के मेले जैसी अनुभूति बताते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह देश तप और तपस्वियों की कृपा से लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश के साधु संतों ने इस देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस देश की संस्क्रति ऋषि मुनियों व साधु संतों के आदर्शों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि महाराज अभशूत नाथ ने 12 साल की जो तपस्या की है, उसके पीछे भी मकसद इस देश व प्रदेश की सुख और समृद्धि है। प्रदेश व देश हित में तप करने वाले साधु–संतों की जितनी सेवा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि और आज मैं भी इस धार्मिक आयोजन में साधु–संतों के दर्शन करने व आशीर्वाद लेने आया हूं। साथ ही कहा कि पन्हेड़ा गांव के तालाब को सिद्ध सरोवर के रूप में विकसित करेंगे ताकि गांव हीरापुर के प्राचीन ऐतिहासिक माता मंदिर पर हर वर्ष लगने वाले मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आने–जाने में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इस तालाब का विकास व सुंदरीकरण का कार्य पान्ड अथारिटी आफ हरियाणा द्वारा किया जाएगा। इस तालाब पर

# साप्ताहिक सूचना पत्र

जितना भी खर्चा आएगा वह पान्ड अथारिटी आफ हरियाणा द्वारा वहन किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने अपनी तरफ से घोषणा करते हुए गांव में 2 एकड़ जमीन पर 50 लाख रुपए की लागत से व्यायामशाला का निर्माण करने की घोषणा भी की। इसके साथ ही गांव में सामाजिक कार्यक्रमों के लिए 50 लाख से एक करोड़ रुपए तक की लागत से कम्युनिटी सेंटर बनाए जाने की घोषणा भी की।

## फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (FMDA) की बैठक

(दिनांक 03.05.22)




**विषय: फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (FMDA) की बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने फरीदाबाद। पहुंचकर FMDA की बैठक की। जिसमें उन्होने FMDA के माघ्यम से किए जा रहे विकास के कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के सभी शहरों को हरा–भरा करने के लिए संयुक्त हार्टिकल्चर विंग बनाया जाएगा और इसके लिए अलग नर्सरी व अन्य संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे

साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज फरीदाबाद शहर के विकास कार्यों के लिए 450 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को भी मंजूरी प्रदान की।

इसके आलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिटी बस सर्विस को और अधिक मजबूत करने के लिए 150 नई बसे जोड़ने की भी है योजना है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही FMDA के 586 करोड़ रुपये के नए साल के बजट को भी मंजूरी आज की मीटिंग में दे दी गई है। इसके लिए पैसा अलग–अलग स्रोतों से जुटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर का विकास हो रहा है और शहर की आबादी बढ़ रही है तो पानी की मांग भी बढ़ेगी। ऐसे में आदेश दिए गए हैं कि भविश्य में बेहतर सप्लाई की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रोहतक प्रगति रैली

(दिनांक 04.05.22)




**विषय: रोहतक प्रगति रैली।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रोहतक पहुंचकर JAT कालेज में आयोजित की गई रोहतक प्रगति रैली को संबोधित किया। साथ ही रोहतक को 700 करोड़ से अधिक की विकास



परियोजनाओं की सौगात भी दी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रोहतक शहर के सरकारी कार्यालय शहर से बाहर शिफट किए जाएंगे ताकि जाम से निजात मिल सके। इसके अलावा एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि साढे 7 साल पहले हमने रूढ़िवादी सिस्टम को बदलने का काम अपने हाथ में लिया था और हमने किसी भी इलाके, जाति या वर्ग के साथ भेदभाव न करते हुए सबका साथ–सबका विकास के सिद्धांत पर चलते हुए सरकार ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन मेरिट शुरू कर पात्र अभ्यर्थियों को नौकरी देना सुनिश्चित किया तो वही आनलाइन टांसफर पहलिसी बनाकर पारदर्शिता लाने की कोशिश की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ई–अधिगम (टैबलेट वितरण) की शुरुवात

(दिनांक 05.05.22)




**विषय: ई–अधिगम (टैबलेट वितरण) की शुरुवात**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने रोहतक से अपने महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम ई अधिगम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत हरियाणा के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 9–12 वी तक के 5 लाख बच्चों को टैबलेट बाटें गए।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सूचना क्रांति की आज शुरूआत हुई है। अगले वर्ष से चार कक्षाओं यानि 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के सभी सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा और इसी के माध्यम से वह अपनी पढ़ाई कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना महामारी का सबसे ज्यादा असर स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर पड़ा। इस वजह से स्कूलों को बंद करना पड़ा और कोरोना की वजह से स्कूलों को सबसे आखिर में खोला गया। इससे विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हुई। विद्यार्थी घर से पढ़ सके, इसके लिए आनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था की गई। कुछ बच्चों के पास मोबाइल नहीं थे और आर्थिक तौर पर अभिभावक भी दिलवाने में असमर्थ थे। ऐसे में सरकार ने हाथ आगे बढ़ाते हुए उन बच्चों को टेबलेट देने का निर्णय लिया। यह टेबलेट विद्यार्थियों के साथ–साथ 33 हजार शिक्षकों को भी दिए जा रहे हैं ताकि वे विद्यार्थियों को अच्छे से आनलाइन पढ़ाई करवाई जा सके।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विद्यार्थियों को डिजिटल डिवाइस देने के छोटे–मोटे अभियान तो किसी न किसी राज्य ने जरुर चलाए होंगे लेकिन इतने बड़े स्तर पर विद्यार्थियों को टेबलेट देने का अभियान देशभर में किसी राज्य ने नहीं चलाया है।

उन्होंने कहा कि पहले समय में तख्ती पर पढ़ाई करवाई जाती थी लेकिन आज डिजिटल युग में तख्ती की जगह टेबलेट ने ले ली है। पहले विद्यार्थियों को पुस्तकें खरीदनी पड़ती थी लेकिन आज पुस्तकें ई–बुक्स के माध्यम से टेबलेट में उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विज्ञान की देन की वजह से आज आगे बढ़ने के रास्ते खुले हैं। हमारे विद्यार्थियों में बहुत क्षमता है और मुझे उम्मीद है कि सरकारी स्कूल के विद्यार्थी प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों से भी आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा एक हथियार है। इसे पैनी धार देने का काम करेंगे और हम जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के नारे पर आगे बढ़ेंगे। अंत में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई–अधिगम' योजना निक्षा के क्षेत्र में क्रांति की शुरुआत करेगी ।

## “खेलों इंडिया यूथ गेम्स–2021” का आगाज
**(दिनांक 07.05.22)**




**विषयः “खेलों इंडिया यूथ गेम्स–2021” का आगाज**

**प्रभावः** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकुला के इंद्रद्यनुष सभागार से खेलों इंडिया 2021 का आगाज़ किया। इस अवसर पर केंद्रीय खेल एवम् युवा मामलों के मंत्री माननीय श्री अनुराग ठाकुर जी भी उपस्थित रहे। इस लान्च कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभंकर मस्कट, लोगो, जसद्र और थीम गीत को लान्च किया गया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेल से शरीर बलशाली होता है मस्तिश्क तेज तो चंचल मन

# साप्ताहिक सूचना पत्र



भी निर्मल होता है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा की ओर से पूरे देश को इन खेलों में भाग लेने और देखने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेजबानी करने के लिए हरियाणा तैयार है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने खेल की नीतियों के संबंध में कहा की खिलाड़ियों को बचपन से ही तराशने की नीति पर हरियाणा सरकार काम कर रही है। हम हरियाणा में पदक विजेता खिलाड़ियों को न केवल सर्वाधिक नकद पुरस्कार राशि देते है बल्कि उन्हें साथ में जाब भी देते है।

खेलों इंडिया में भाग लेने के लिए आने वाले लगभग 8 हज़ार से भी ज्यादा खिलाड़ियों के स्वागत के लिए हरियाणा पलके बिछाएं है। यह कार्यक्रम बहुत इंतजार के बाद आया है। कोरोना महामारी के कारण तीन बार इसकी तिथियां स्थगित हुईं। अब इन खेलों का नया आगाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि 4 जून से खेलें शुरू होंगी, जिसके लिए उल्टी गिनती अब शुरू हो गई है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा की मिटटी विशेष प्रकार की है, हमारा कृषक अन्न पैदा करता है। मिटटी हमारी अन्न के रूप में सोना उगलती है। वहीं इस मिटटी का युवा और युवती खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। जैसे मिटटी सोना उगलती है वैसे ही हमारे खिलाड़ी जीत कर गोल्ड ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल हरियाणा की संस्कृति में रचे–बसे हैं।